बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-174
01/04/2021

मुख्यमंत्री राहत कोष में मुख्यमंत्री को दी गई सहायता राशि का चेक

पटना, 01 अप्रैल 2021 :– मुख्यमंत्री राहत कोष में बिहार स्टेट इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (बेल्ट्रॉन) की तरफ से सूचना प्रावैधिकी मंत्री श्री जीवेश कुमार एवं सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव श्री संतोष कुमार मल्ल ने 5 करोड़ रूपये तथा बिहार स्टेट को–ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड की तरफ से सहकारिता मंत्री श्री सुबाष सिंह, सहकारिता विभाग की सचिव श्रीमती बंदना प्रेयसी तथा अध्यक्ष बिहार स्टेट को–ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड श्री रमेश चंद्र चौबे ने 1 करोड़ रूपये का चेक मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को सौंपा।

मुख्यमंत्री ने इस सामाजिक पहल की सराहना की और मुख्यमंत्री राहत कोष में अंशदान करने के लिये सभी को धन्यवाद दिया एवं उन्हें अपनी शुभकामनायें दीं।

******